**भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद**
**आज़ाद भवन, आई पी इस्टेट, नई दिल्ली – 110002**

**निविदा आमंत्रित सूचना**
**(केवल ई-टेंडर के माध्यम से)**

भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद द्वारा प्रकाशित हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल की 3000 प्रतियों के मुद्रण के लिए संलग्नक विशेष विवरण (specifications ) एवं नियम और शर्तों के साथ कोटेशन आंमत्रित करती है।

भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (भा.सां.सं.प.) द्वारा गत 41 वर्षों से हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल का प्रकाशन किया जा रहा है। गगनांचल पत्रिका के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश में हिंदी का प्रचार-प्रसार करना तथा पत्रिका के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करना है। गगनांचल पत्रिका का वितरण विदेश स्थित भारतीय दूतावासों, भारतीय सांस्कृतिक केन्द्रों के अतिरिक्त देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों, संसदीय हिंदी समिति के सदस्यों, लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्यों को किया जाता है।

**निविदा संबंधित विवरण :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सं. | हिंदी/पत्रिका<br>गगनांचल/कोटेशन/2019<br>Hindi/Magazine/Gagnanchal/Quotation/2019 |
| 2. | दिनांक | 27.02.2019 |
| 3. | कार्य का नाम (Name of Work) | हिंदी द्विमासिक पत्रिका 'गगनांचल' के मुद्रण हेतु<br>For Printing of Hindi Bimonthly Magazine |
| 4. | निविदा प्रकाशन एवं डाउनलोड करने की तिथि | 28.02.2019 |
| 5. | निविदा जमा करने की आखिरी तिथि | 20.03.2019 सायं 5:00 बजे तक |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 21.03.2019 दोपहर 3:00 बजे |
| 7. | मुद्रण हेतु बयाना राशि (ईएमडी) | रू. 20,000/- |

यदि आप संलग्नक विशेष विवरण (specifications) और नियम व शर्तों के आधार पर आश्वस्त हैं तथा उच्च मानक और समयबद्ध गुणवता वाले मुद्रण के लिए परिषद की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं तो गगनांचल पत्रिका के मुद्रण हेतु www.tenderwizard.com/ICCREPROC में ऑनलाइन सबमिट करें और मांगे गए दस्तावेजों की हार्डकापी **वरिष्ठ कार्यक्रम निदेशक (हिंदी), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, आज़ाद भवन, आई पी इस्टेट, नई दिल्ली – 110002** को सम्बोधित कर **दिनांक 20 मार्च, 2019 सांय 5:00 बजे** तक भेजने की कृपा करें। इस निविदा का विवरण परिषद की वेबसाइट www.iccr.gov.in व सीपीपी पोर्टल में भी उपलब्ध है।

सु. भाटिया

**(सुलक्षणा भाटिया)**
वरिष्ठ कार्यक्रम निदेशक (हिंदी)
011- 23379386

# हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल के मुद्रण के लिए उद्धरण (Quotation)

| | |
|---|---|
| **पत्रिका का नाम** | **गगनांचल (हिंदी द्विमासिक पत्रिका)** |
| आकार (Size) | 8.25"x 11" |
| मात्रा (Quantity) | 3000 प्रतियां |
| पृष्ठ संख्या(No.of pages) | 100 (4 कवर पृष्ठ सहित) |
| रंग (Colour) | रंगीन व ब्लैक एंड वाइट<br>40 पृष्ठ 4 कलर में (4 कवर पृष्ठ सहित)<br>60 पृष्ठ ब्लैक एंड वाइट |
| कागज (Paper) | 100 ग्राम आर्ट पेपर मैट |
| कवर कागज (Cover page) | 225 ग्राम इम्पोर्टेड आर्ट कार्ड |
| बाइडिंग (Binding) | परफेक्ट बाइडिंग |

# तकनीकी बिड (Technical Bid)

(दस्तावेज को पीडीएफ फाईल में अपलोड करें)

| क्रम सं. | दस्तावेज | फाईल का प्रकार |
|---|---|---|
| 1. | कंपनी का नाम, पता, दूरभाष, स्थापना की तिथि प्रोफाइल के साथ संलग्न करें। | पीडीएफ (.pdf) |
| 2. | कम्पोजिंग, टाइपिंग, पेज सेटिंग, पेज मेकिंग, ले-आउट, फोटोशॉप, प्लेटमेकिंग, फॉरमेटिग इत्यादि एक ही पते पर उपलब्ध हों, यदि नहीं तो अलग से पता उपलब्ध करायें। | पीडीएफ (.pdf) |
| 3. | यदि गवर्नमेंट ऑथोरिटी के साथ पंजीकृत हो तो (सत्यापित पंजीकरण/लाईसेंस की प्रति संलग्न करें।) | पीडीएफ (.pdf) |
| 4. | प्रिंटिंग प्रेस के स्वामित्व का प्रमाण, प्रेस लाइसेंस, जीएसटी पंजीकरण और PAN, TIN, Pollution Certificate की सत्यापित प्रति संलग्न करें। | पीडीएफ (.pdf) |
| 5. | ईएमडी/निष्पादन सुरक्षा रू. 20,000/- की सॉफ्टकॉपी व बैंक विवरण **(सत्यापित प्रति)** | पीडीएफ (.pdf) |
| 6. | न्यूनतम 3 साल का अनुभव **(प्रमाण पत्र संलग्न करें)** | पीडीएफ (.pdf) |
| 7. | निविदा सूचना में दर्शाए गए नियम और शर्तों को कंपनी द्वारा पूरा करना अनिवार्य होगा। | पीडीएफ (.pdf) |
| 8. | कंपनी द्वारा मुद्रित की गई पत्रिका के नमूने की प्रति परिषद (कार्यालय) को उपलब्ध करायें । | (हार्डकॉपी) |
| 9. | कागज के नमूने के बिना प्रस्तुत किए जाने वाले टेंडर के मामले में, भा.सां.सं.प. किसी भी प्रकार का कोई भी कारण दिए बिना एक या सभी कोटेशन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। | (हार्डकॉपी) |

# प्राइस बिड (Price Bid)

(कार्य का विवरण को पीडीएफ फाईल में अपलोड करें)

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | दरें |
|---|---|---|
| 1. | कम्पोजिंग, टाइपिंग, पेज सेटिंग, पेज मेकिंग, ले-आउट, फोटोशॉप, प्लेटमेकिंग, फॉरमेटिग आदि। | रू. |
| 2. | मुद्रण व्यय : | |
| | काले-सफेद पृष्ठ | रू......(प्रतिपृष्ठ) |
| | रंगीन पृष्ठ | रू......(प्रतिपृष्ठ) |
| 3. | कागज की कुल लागत | |
| | 100 ग्राम आर्ट पेपर मैट | रू. |
| | 225 ग्राम इम्पोर्टेड आर्ट कार्ड (कवर पृष्ठ) | रू. |
| 4. | 3000 प्रतियों के लिए लेमिनेशन व्यय | रू. |
| 5. | कवर डिजाइनिंग का कुल व्यय | रू. |
| 6. | बाइडिंग व्यय: | |
| | 100 पृष्ठ की पत्रिका (3000 प्रतियों हेतु) | रू. |
| | 150 पृष्ठ की पत्रिका (3000 प्रतियों हेतु) | रू. |
| | 200 पृष्ठ की पत्रिका (3000 प्रतियों हेतु) | रू. |
| 7. | अन्य व्यय: | रू. |
| 8. | जी.एस.टी. | रू. |
| | **कुल लागत*** | रू. (जी एस टी सहित) |
| | | |
| | फोटोग्राफ** (हाई रेजोल्यूशन) | रू. ....प्रति फोटो |

*कुल लागत का उल्लेख करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

**फोटोग्राफ की दर को कुल लागत में सम्मिलित न करें, अलग से दर्शायें। यदि फोटोग्राफ की दर जीएसटी सहित/रहित है तो उसका उल्लेख करें।

नोट: निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसी से अनुरोध किया जाता है कि वे ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट पात्रता मानदंड और नियम एवं शर्त पढ़ें।

## निर्धारित नियम एवं शर्तें

1. पत्रिका में प्रकाशित की जाने वाली सामग्री की कम्पोजिंग, टाइपिंग, पेज सेटिंग, पेज मेकिंग, ले-आउट, फोटोशॉप, प्लेटमेकिंग, फॉरमेटिग इत्यादि कार्य पूर्ण कर तथा कवर डिजाइन तैयार कर संपादक को भेजना होगा । इस प्रक्रिया के दौरान संपादक के साथ संपर्क एवं समन्वय बनाये रखना आवश्यक होगा ।

2. कागज/कवर कागज के नमूने की प्रति के साथ एजेंसी द्वारा मुद्रित किसी भी पत्रिका की नमूने के तौर पर एक प्रति भा.सां.सं.प. को निविदा के ऑनलाइन सबमिशन की अंतिम तिथि तक अवश्य भिजवाएं, अन्यथा निविदा अमान्य होगी । लिफाफे के ऊपर **"गगनांचल की 3000 प्रतियों के मुद्रण हेतु कागज के नमूने"** का उल्लेख हो ।

3. पत्रिका का प्रकाशन यूनिकोड (मंगल फोंट) में किया जाना अनिवार्य है ।

4. संपादक द्वारा मुद्रक को पहली बार दी गई मुद्रण सामग्री दो सप्ताह के अंदर तथा दूसरी व तीसरी बार दी गई मुद्रण सामग्री एक-एक सप्ताह के अंतराल में संपादक को भिजवायी जानी होगी ।

5. यदि परिषद द्वारा मुद्रण में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो मुद्रक द्वारा स्वयं अपनी लागत पर पुनर्मुद्रण किया जाएगा ।

6. परिषद द्वारा निर्धारित मुद्रण की समय सीमा 12 दिन की होगी । निर्धारित समय के भीतर मुद्रक द्वारा किसी भी कार्य में विफल होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए परिषद स्वतंत्र होगा जिसके लिए मुद्रक द्वारा कोई भी दावा नहीं किया जाएगा ।

7. प्रत्येक एजेन्सी/फर्म से अपेक्षा की जाती है कि वह बयाना राशि/निष्पादन सुरक्षा (Performance Security) रू. 20,000/- की हार्डकॉपी भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद को एक अलग लिफाफे पर **'गगनांचल पत्रिका के मुद्रण हेतु बयाना राशि/निष्पादन सुरक्षा'** स्पष्ट रूप से लिख कर उसे **"भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद"** के पक्ष में रू.20,000/- (रूपये बीस हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक प्रस्तुत करें तथा ऑनलाइन निविदा के साथ ईमडी की सॉफ्टकॉपी अपलोड करें । बयाना राशि/निष्पादन सुरक्षा के बिना कोटेशन को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा । चयन प्रक्रिया की समाप्ति पर सभी असफल फर्मों/एजेंसियों को बयाना राशि/ निष्पादन सुरक्षा वापिस कर दी जाएगी । सफल फर्म/एजेंसी की बयाना राशि/ निष्पादन सुरक्षा परिषद के पास अनुबंध (कॉन्ट्रेक्ट) की अवधि तक जमा रहेगी । यदि परिषद द्वारा बयाना राशि/ निष्पादन सुरक्षा वापिस करने में विलंब होता है तो इस स्थिति में कोई भी ब्याज/जुर्माना का भुगतान परिषद द्वारा नहीं किया जाएगा ।

8. बयाना राशि की वैधता, निविदा वैधता के 45 दिन बाद तक वैध होनी चाहिए ।

9. निर्धारित 100 पृष्ठों से 4 पृष्ठ अधिक तक कोई अतिरिक शुल्क नहीं होगा और यदि निर्धारित पृष्ठों से 4 पृष्ठ से कम हो तो शुल्क में कोई कमी नहीं की जाएगी।

10. पत्रिका के मुद्रण हेतु चार रंग ऑफसेट प्रिंटिग मशीन का होना अनिवार्य है।

11. टेंडर में मांगे गये कागज के नमूने से अलग किसी दूसरे प्रकार के कागज का मुद्रण में प्रयोग करने पर अनुबंध निविदा खारिज किया जा सकता है।

12. अनुबंध, तकनीकी बिड में प्राप्त योग्यता (qualifying) और न्यूनतम दर प्रस्तुत के आधार पर किया जाएगा।

13. यदि एक या एक से अधिक एजेंसी द्वारा प्रस्तुत दरें समान होती है तो, कार्यालय ऐसे सभी निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसियों को वर्गीकृत करने का अधिकार रखता है।

14. निविदा भेजने वाली एजेंसी, किसी भी विभाग , राज्य सरकार /भारत सरकार के संगठन/मंत्रालय/ द्वारा ब्लैकलिस्ट(Blacklist) नहीं की गई हो।

15. प्रतियों की अतिरिक्त आपूर्ति के लिए भुगतान या कम आपूर्ति के लिए कटौती तय दरों की लागत (pro-rata cost) के आधार पर विनियमित (Regulated) होगा तथा इस मामले में परिषद का निर्णय अंतिम होगा।

16. निविदा में दर्शाई गई दरें निविदा खोलने की तिथि से 180 दिन तक वैध होनी चाहिए।

17. परिषद के पास बिना कारण बताए कोटेशन खोलने की तारीख को आगे बढ़ाना, स्थगित करना अथवा वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

18. निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसी का न्यूनतम टर्नओवर रू. 10 करोड़ प्रति वर्ष (Minimum Turnover Rs.10 crore per annum) होना चाहिए।

19. फर्मों/एजेंसियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित नियम व शर्तों को पूरा करते हुए बिना किसी शर्त के कोटेशन की संपूर्ण दरें प्रस्तुत करें तथा सभी दरें शब्दों और आंकड़ों दोनों में लिखी होनी चाहिए।

20. निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

21. परिषद अपने पास बिना कारण बताए मुद्रक बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

22. परिषद द्वारा किसी भी समय एजेंसी व प्रेस का निरीक्षण किया जा सकता है।

23. मुद्रक द्वारा मुद्रित पत्रिका स्वयं परिषद को सुपुर्द करनी होगी।

24. पत्रिका की मुद्रित प्रतियां कार्यालय को सुपुर्द करने के उपरांत एजेंसी द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर, बिल का भुगतान किया जाएगा। अग्रिम भुगतान करने का कोई प्रावधान नहीं होगा।

25. निविदा दस्तावेज में किसी भी समय संशोधन, ई-सबमिशन की समय सीमा से पहले किसी भी समय www.tenderwizard.com/ICCREPROC पर कोरिजेंडम के रूप में अपलोड किया जाएगा। ऐसे संशोधन / सभी निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसियों के लिए बाध्यकारी होंगे।

26. अनुबंध/निविदा किसी भी परिस्थिति में हस्तांतरणीय (Transferable) नहीं होगा।

27. अनुबंध (Contract) की कार्यावधि तीन वर्ष तक होगी।

घोषणा पत्र

यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस ई-टेंडर पर हस्ताक्षर करने से पहले मैं / हम इसे पढ़ चुके हैं और इनका पालन करने के लिए इसमें शामिल सभी नियमों और शर्तों को पूरी तरह समझ चुके हैं।

हस्ताक्षर ................................................

नाम और पदनाम........................................ ......

एजेन्सी/फर्म का नाम और पूरा पता................................................

................................................

................................................

................................................

ई मेल व सम्पर्क नम्बर ..............................................